# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
## निदेशक कार्यालय

फा.सं.40-30/2022-स्था. (नि.का.) दिनांक : 13.10.2022

**विषय : एम्स, नई दिल्ली में स्वच्छता हेतु विशेष स्वच्छता अभियान 2.0 आरंभ करने संबंधी।**

कैबिनेट सचिव, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 सितंबर 2022 के नि.का.सं.1/131/2022- कैबिनेट के द्वारा यह सूचित किया गया है कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने कार्यालयों में स्वच्छता हेतु लंबित संदर्भों के निपटान के लिए विशेष अभियान 2.0 पर ज़ोर दिया है। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि अगले 10 दिनों में एम्स, नई दिल्ली में लक्ष्य बनाकर निम्नलिखित गतिविधियां आरंभ की जाएंगी :

- कार्यालय प्रक्रिया संबंधी नियमावली के अनुसार सभी पुराने कार्यालय अभिलेखों/फाइलों की छंटाई की जाएगी।
- केन्द्रों के प्रमुखगण, विभागाध्यक्षगण आदि सहित सभी क्षेत्रों के प्रशासनिक प्रभारीगण व्यक्तिगत रूप से अपने नियंत्रणाधीन सभी क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा वहां पर स्वच्छता एवं सफाई का निरीक्षण करेंगे।
- सभी कैफेटेरिया एवं छात्रावास मैस को अच्छी तरह से साफ किया जाएगा तथा स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- इंजीनियरी विभाग, सौन्दर्य पर विशेष ध्यान देते हुए आवासीय स्थानों सहित सभी क्षेत्रों में मरम्मत एवं अनुरक्षण की गतिविधियां आरंभ करेगा।
- सभी सार्वजनिक एवं रोगी शौचालयों की स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- सभी पोस्टर, जहां भी उन्हें लगाने की आवश्यकता है, उन्हें निर्धारित सूचनापट्ट पर ही लगाया जाएगा।
- किसी भी गलियारे में कोई अलमारी, उपकरण, कबाड़ आदि नहीं रखा जाएगा।
- निराकरण योग्य किसी भी प्रकार के सामान को निराकृत करने के लिए सभी क्षेत्रों में विशेष निराकरण अभियान चलाया जाएगा। ऐसे सभी सामानों की एक विस्तृत सूची तैयार की जाएगी तथा कम से कम 3 संकाय-सदस्य उस पर यह प्रमाणित करते हुए हस्ताक्षर करेंगे कि उक्त सामान, उद्देश्य मानदंड अथवा अनुरक्षण एजेंसियों की सर्विस रिपोर्ट आदि के आधार पर निराकरण के लिए उपयुक्त हैं। विशेष निराकरण अभियान संचालित करने के लिए इस सूची को तत्काल संबंधित भंडार अनुभाग को अग्रेषित किया जाएगा। जब तक निराकरण पूरा न हो जाए, तब तक उक्त वंस्तुओं को निर्धारित किए गए गलियारे अथवा बेसमेंट में खाली जगह पर रखा जाएगा।

सभी क्षेत्रों के प्रशासनिक प्रभारीगण स्वच्छता अभियान के पहले तथा बाद की तस्वीरों को 'एम्स स्वच्छता दीवार' (swachhata.aiims.edu) पर दर्शाने के लिए कंप्यूटर सुविधा contentprovider@aiims.edu के साथ साझा करेंगे। प्रशासनिक प्रभारीगण, विशेष अभियान 2.0 के अंतर्गत की गईं गतिविधियों की एक रिपोर्ट 25 अक्तूबर 2022 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे जिसके बाद निर्धारित टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता का औचक मूल्यांकन किया जाएगा।

श्रीनिवास

**(प्रो. एम. श्रीनिवास)**
**निदेशक**

**वितरण (इसे संकाय-सदस्य, अधिकारीगण एवं उनके नियंत्रणाधीन स्टाफ को परिचालित करने के अनुरोध सहित)** :

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केन्द्रों के प्रमुखगण/ अध्यक्ष, एनसीआई, झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा
7. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
8. उप-सचिव
9. अधीक्षण अभियंता (एम्स/एनसीआई)